प्रैस नोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,राजस्थान,जयपुर

एसीबी ने जयपुर नगर निगम के पार्षद को सवा लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर,11 अक्टूबर 2019, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, (एसीबी) मुख्यालय विशेष अनुसंधान इकाई द्वारा शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए जयपुर नगर निगम वार्ड नंबर 39 की पार्षद एवं चेयरमैन महिला उत्थान समिति नगर निगम जयपुर, सुमन गुर्जर को 50 हजार रुपए नगद एवं 75 हजार रुपए का सेल्फ चेक लेते हुए गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी, ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में शिकायत देकर बताया कि जयपुर नगर निगम वार्ड नंबर 39 में सीसी रोड बनाने के लिए उसे 60 लाख रुपए का वर्क आर्डर मिला था। वार्ड नंबर 39 में सीसी रोड बनाने के कार्य में पार्षद सुमन गुर्जर द्वारा अवरोध उत्पन्न कर परिवादी से उक्त राशि का 3 प्रतिशत के हिसाब से 1.75 हजार रुपए रिश्वत की राशि लेने की मांग की। 50 हजार रुपए रिश्वत के रूप में परिवादी से पूर्व में ही पार्षद द्वारा ले लिए गए थे।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विशेष अनुसंधान इकाई श्री हेमाराम चौधरी के नेतृत्व में एसआईयू यूनिट के निरीक्षक श्री हेमंत वर्मा द्वारा उक्त मांग का सत्यापन किया गया एवं ट्रैप कार्रवाई के दौरान नगर निगम वार्ड नंबर 39 पार्षद सुमन गुर्जर को सवा लाख रुपए की रिश्वत की राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया एवं अग्रिम कार्रवाई जारी।